**S-594** Roll No. ……………………..

# BAHL–101

गद्य साहित्य-**1**

Bachelor of Arts (B.A.–12/16/17)

First Year, Examination, 2018

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. हिन्दी उपन्यास के उद्‌भव और विकास पर प्रकाश डालिए।
2. कहानी का स्वरूप स्पष्ट करते हुए उसके तत्व और भेदों का विवेचन कीजिए।
3. कहानी कला के तत्वों के आधार पर 'सुहागिनी' कहानी की समीक्षा कीजिए।
4. उपन्यास के तत्वों के आधार पर 'त्यागपत्र' उपन्यास की विवेचना कीजिए।

## खण्ड–ख

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. प्रेमचन्दोत्तर युगीन कहानी-साहित्य पर प्रकाश डालिए।
2. उपन्यास के भेदों को विवेचित कीजिए।
3. 'उसने कहा था' कहानी के प्रतिपाद्य को अपने शब्दों में लिखिए।
4. 'स्त्री सुबोधिनी' कहानी की मूल संवेदना का विवेचन कीजिए।
5. 'अपना-अपना भाग्य' कहानी की कथावस्तु को लिखिए।
6. 'त्यागपत्र' उपन्यास के पात्र 'प्रमोद' के चरित्र की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।
7. 'मलबे का मालिक' कहानी देश-विभाजन की त्रासदी का जीवंत दस्तावेज है। स्पष्ट कीजिए।
8. 'बड़े भाई साहब' कहानी की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

## खण्ड–ग

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

सही विकल्प चुनिए :

1. 'लहना सिंह' किस कहानी का पात्र है ?

   (अ) उसने कहा था

(ब) गुण्डा

(स) बूढ़ी काकी

(द) मलबे का मालिक

2. जैनेन्द्र कुमार का उपन्यास है :

(अ) निर्मला

(ब) सुनीता

(स) नदी के द्वीप

(द) कठगुलाब

3. 'त्यागपत्र' उपन्यास कब प्रकाशित हुआ ?

(अ) 1929

(ब) 1940

(स) 1937

(द) 1942

4. 'बड़े भाई साहब' किसकी कहानी है ?

(अ) प्रेमचन्द

(ब) जैनेन्द्र कुमार

(स) मन्नू भण्डारी

(द) मोहन राकेश

5. 'बाला बोधिनी' पत्रिका के सम्पादक कौन थे ?

(अ) बालकृष्ण भट्ट

(ब) बालमुकुन्द गुप्त

(स) प्रतापनारायण मिश्र

(द) भारतेन्दु

एक शब्द में उत्तर दीजिए :

6. 'उसने कहा था' कहानी कब प्रकाशित हुई थी ?

7. 'एक-एक अकालिया सिख सवा लाख के बराबर होता है।' पंक्ति किस कहानी की है ?

8. 'फोर्ट विलियम कॉलेज' की स्थापना किसने की ?

सत्य/असत्य चुनिए :

9. 'फोर्ट विलियम कॉलेज' की स्थापना सन् 1850 में हुई।
(सत्य/असत्य)

10. 'मलबे का मालिक' कहानी के लेखक 'मोहन राकेश' हैं।
(सत्य/असत्य)